दिनांकः 31.03.2024 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर से

लोकसभा चुनाव को लेकर प्रदेश में राजनीतिक गतिविधियां तेज़ हो गयी हैं। विभिन्न दलों के स्टार प्रचारक चुनाव प्रचार में जुट गये हैं। इसके तहत आज से केन्द्रीय गृहमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह जयपुर, सीकर और जोधपुर के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे चुनाव को लेकर पार्टी पदाधिकारियों से फीडबैक लेंगे। अब से कुछ देर बाद श्री शाह जयपुर पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा उनकी अगवानी करेंगे। गृहमंत्री जयपुर में तीन अलग–अलग बैठक करेंगे। एक निजी होटल में वे सभी क्लस्टर प्रभारियों की बैठक लेंगे और लोकसभा चुनाव संयुक्त कमेटी की भी मीटिंग करेंगे। इसके बाद उनका सीकर जाने का कार्यक्रम है, जहां वे पार्टी प्रत्याशी सुमेधानंद सरस्वती के समर्थन में रोड़ शो करेंगे। इसके बाद उनका जयपुर में विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रबुद्धजन से संवाद करने का कार्यक्रम है। श्री शाह रात को कोर कमेटी की बैठक लेंगे और रात्रि विश्राम भी यहीं करेंगे। गृहमंत्री कल सुबह जोधपुर के लिए रवाना होंगे, जहां वे जोधपुर, पाली, जालौर, सिरोही और बाड़मेर की संयुक्त कोर कमेटी की बैठक लेंगे। इसके बाद वे लोकसभा बूथ अध्यक्ष सम्मेलन को भी संबोधित करेंगे।
उधर, कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी का 6 अप्रैल को प्रदेश दौरे का कार्यक्रम है। इस दौरान उनके साथ पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी भी साथ रहेंगे। इसी दिन कांग्रेस अपना घोषणा पत्र भी जारी कर सकती है।

....

लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने और लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से आयोजित हो रही स्वीप गतिविधियों के तहत डूंगरपुर में पर्यटन विभाग और जिला प्रशासन की ओर से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। शहर की गेपसागर झील किनारे रंगोली और मेहंदी प्रतियोगिता हुई। इसमें युवतियों और महिलाओं ने सड़क पर मतदाता जागरूकता संबंधी रंगोलिया बनाई। वहीं हाथों पर मेहंदी रचाकर मतदाता जागरूकता का सन्देश दिया।

....

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज पूर्व उपप्रधानमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से अलंकृत किया। राष्ट्रपति ने श्री आडवाणी के आवास पर जाकर उन्हें यह सम्मान प्रदान किया। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा भी मौजूद थे।

....

ईस्टर का पर्व आज प्रदेशभर में हर्षोल्लास और श्रद्धाभाव से मनाया जा रहा है। मान्यता है कि सूली पर चढ़ाए जाने के बाद प्रभु यीशु आज ही के दिन पुनर्जीवित हुए थे। कल रात विभिन्न गिरिजाघरों में मध्य रात्रि प्रार्थना सभाएं आयोजित की गईं।
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ईस्टर पर्व की देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया संदेश में श्री मोदी ने आशा व्यक्त की है कि यह विशेष अवसर नवीनीकरण और आशावाद का संदेश संप्रेषित करेगा। उन्होंने मानव जाति के बीच एकता और शांति की कामना की।

....

शीतला माता की पूजा का लोकपर्व बास्योड़ा यानि शीतलाष्टमी, राजधानी जयपुर सहित प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर कल मनाया जाएगा। इस दिन महिलाएं अल सुबह शीतला माता की पूजा करने मंदिरों में पहुंचेंगी। शीतला माता को ठंडे पकवानों का भोग लगाया जाएगा। इससे पहले आज रांधा पुआ पर शीतला माता को अर्पित किए जाने वाले विभिन्न प्रकार के पकवान बनाए जाएंगे। शीतलाष्टमी पर राज्य के विभिन्न स्थानों पर मेले भरेंगे। चाकसू में शील डूंगरी स्थित शीतला माता मंदिर में आज से दो दिवसीय मेला भर रहा है। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु माता के दर्शन करने पहुंचेंगे। वहीं बाड़मेर जिले के भेडाणा गांव में भी आज से मेला भर रहा है।

राज्यपाल कलराज मिश्र ने शीतलाष्टमी की प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। श्री मिश्र ने सभी के उत्तम स्वास्थ्य, सुख, समृद्धि और आरोग्य की कामना की है।

....

प्रदेश के उत्तर–पश्चिमी हिस्सों में पिछले 24 घंटों में कहीं–कहीं हल्की बारिश दर्ज की गयी है। श्रीगंगानगर और हनुमानगढ तथा आस–पास के स्थानों पर कल मेघगर्जन के साथ बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार राज्य में अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की कमी दर्ज की गयी है। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक डॉ. राधेश्याम शर्मा ने बताया कि आगामी चार–पांच दिनों में मौसम शुष्क रहेगा। सप्ताह के अंत में नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की संभावना है।

....